शनिवार
14 अक्टूबर 2023




पृष्ठ 4

जब टूथपेस्ट का इस्तेमाल बंद कर देंगे... तो दांत पर होगा कुछ ऐसा असर



पृष्ठ 5

'फुकरे-3' ने 11वें दिन भी बॉक्स ऑफिस पर उड़ाया गर्दा, 100 करोड़ के करीब पहुंची फिल्म




● देहरादून
● वर्ष 31
● अंक 245
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

**आज का विचार**

प्रकृति अपरिमित ज्ञान का भंडार है, पत्तेपत्ते में शिक्षापूर्ण पाठ हैं, परंतु उससे लाभ उठाने के लिए अनुभव आवश्यक है।
– हरिऔध

# बुलेरो वाहन खाई में गिरा तीन की दर्दनाक मौत

हमारे संवाददाता

देहरादून। सड़क दुर्घटना में एक वाहन के खाई में गिर जाने से तीन लोगों की मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पुलिस व एसडीआरएफ टीम ने मौके पर पहुंच कर तीन शवों को बाहर निकालकर स्थानीय पुलिस के सुर्पुद किया। जिसमें पुलिस द्वारा अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।



जानकारी के अनुसार आज सुबह तहसीलदार चकराता द्वारा एसडीआरएफ टीम को सूचना दी गयी कि मीनस के पास पाटण नामक स्थान पर एक बुलेरो कैम्पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। सूचना मिलने पर पोस्ट त्यूणी में तैनात एसडीआरएफ टीम मय आवश्यक रेस्क्यू उपकरणों के तत्काल घटनास्थल हेतु रवाना हुई। घटनास्थल पर एक बुलेरो कैंपर जिसमें 3 लोग सवार थे जो नेवल टिकरी, तहसील- चौपाल, हिमाचल प्रदेश से विकासनगर की ओर आ रहे थे। विकासनगर की ओर आते समय मीनस के पास वाहन अनियंत्रित होने से मुख्य मार्ग से लगभग 200 मीटर नीचे दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। जिसमें तीनों सवारों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। एसडीआरएफ टीम द्वारा घटनास्थल पर पहुँचकर त्वरित कार्यवाही करते हुए दुर्घटनाग्रस्त वाहन तक पहुँच बनाकर वाहन में फंसे तीनों शवों को बाहर निकाला जिसके पश्चात कड़ी मशक्कत करते हुए वैकल्पिक मार्ग से होते हुए मुख्य मार्ग तक पहुँचाकर जिला पुलिस के सुपर्द किया गया। मृतको की पहचान राकेश कुमार पुत्र सूरत सिंह, 26 (वाहन चालक) सुरजीत सिंह पुत्र जगत राम, 35 व श्याम सिंह पुत्र भागमल, 48 निवासी ग्राम टिकरी, तहसील नेरवा, शिमला, हिमाचल प्रदेश के रूप में की गयी है।

# दो अंतर्राज्यीय ड्रग्स तस्कर दबोचे, 26 लाख की स्मैक बरामद

हमारे संवाददाता

देहरादून। नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत एसटीएफ को कल देर शाम खासी सफलता हाथ लगी है। एसटीएफ की ए.एन.टी.एफ टीम द्वारा बरेली के दो नशा तस्करों को दबोच कर उनके पास से 260 ग्राम स्मैक बरामद की गयी है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि एसटीएफ की ए.एन.टी.एफ टीम( एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स) द्वारा स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त कार्रवाई में कल शाम थाना पुलभट्टा क्षेत्रांतर्गत जनपद उधम सिंह नगर के नदेली रोड बरा के पास से 2 अंतरराज्यीय ड्रग्स तस्करों को तस्करी में प्रयुक्त बाइक व 260 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार आरोपियों ने अपना नाम दानिश पुत्र अशफाक निवासी मोहनपुर नकटिया थाना कैंट जनपद बरेली उत्तर प्रदेश व राहत खान पुत्र राशिद खान निवासी पडेरा थाना पडेरा जनपद बरेली



उत्तर प्रदेश बताया। बताया कि वह यह स्मैक नईम उर्फ शेरा फरीदपुर जनपद बरेली उत्तर प्रदेश से लेकर आ रहे हैं।

एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल द्वारा बताया गया कि पकड़ा गया आरोपी दानिश पूर्व में मोटरसाइकिल चोरी में वर्ष 2020 में थाना कैंट व वर्ष 2022 में थाना शीशगढ़ व थाना प्रेम नगर से चोरी की कई मोटरसाइकिलों सहित गिरफ्तार कर जेल जा चुका है। आरोपी दानिश पर जनपद बरेली में कई अभियोग पंजीकृत हैं। आरोपी दानिश की जान पहचान बरेली जेल में बंद होने के दौरान ही नईम उर्फ शेरा से हुई थी। जेल से बाहर आने के बाद दोनों ही स्मैक तस्करी के कार्य में लिप्त हो गए। नईम उर्फ शेरा ने ही अपने साथ राहत खान को भी इस कार्य हेतु तैयार कर लिया।

# इजराइल से एक ओर युवती सकुशल पहुंची भारत

संवाददाता

देहरादून। भारत सरकार द्वारा इजराइल से उत्तराखण्ड की एक और महिला को सकुशल देश लाया गया। जिसने सरकार का धन्यवाद किया।




आज यहां ऑपरेशन अजय के भारत सरकार द्वारा से भारतीय वापिस लाया गया। एक नागरिक उत्तराखंड सरकार एयरपोर्ट पर रिसीव परमार देहरादून की प्रात: साढे छह बजे अन्तर्गत इजराइल से दूसरे विशेष विमान नागरिकों को दिल्ली इसमें उत्तराखंड की सोभिका परमार को के प्रतिनिधि द्वारा किया गया। सुश्री रहने वाली है और उत्तर प्रदेश के मेरठ शहर में उनका ससुराल है। अपने सकुशल वापिस आने के बाद वह अपने परिवार के साथ अपने ससुराल मेरठ के लिए चली गई और सरकार को धन्यवाद कहा।

# श्री बदरीनाथ-केदारनाथ धाम दर्शन को पहुंचे एयर चीफ मार्शल, परिजन भी रहे साथ

संवाददाता

श्री बदरीनाथ/केदारनाथ। भारतीय वायु सेना के एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी अपने परिवार के साथ श्री बदरीनाथ-केदारनाथ दर्शन कर देश की खुशहाली की कामना की।

आज यहां भारतीय वायु सेना एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने प्रात: साढे आठ बजे भगवान श्री बदरीविशाल के दर्शन किये। एयर चीफ मार्शल बदरीनाथ आर्मी हैलीपेड से प्रात: सवा आठ बजे श्री बदरीनाथ मंदिर पहुंचे। श्री बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) उपाध्यक्ष किशोर सिंह पंवार ने एयर चीफ मार्शल की अगवानी की। एयर चीफ मार्शल ने भगवान बदरीविशाल के दर्शन किये तथा वेदपाठ पूजा में



शामिल हुए। रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी तथा धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल सहित वेदपाठी रविंद्र भट्ट ने पूजा संपन्न करायी। मंदिर समिति उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने भगवान बदरीविशाल का प्रसाद अंगवस्त्र भेंट किया। सवा दस बजे पूर्वाह्न श्री केदारनाथ धाम पहुंचे जहां श्री केदारनाथ उत्थान चौरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त सचिव/ बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी योगेन्द्र सिंह ने एयर चीफ मार्शल की अगवानी की तथा भगवान केदारनाथ के दर्शन को पहुंचे। भगवान केदारनाथ का रूद्राभिषेक पूजा की और लगभग सवा घंटे तक धाम में रहे। इस अवसर पर कार्याधिकारी आरसी तिवारी ने एयर चीफ मार्शल को भगवान केदारनाथ जी का प्रसाद अंगवस्त्र, भस्म,रूद्राक्ष माला भेंट की। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि एयर चीफ मार्शल ने कल शुक्रवार शाम श्री नृसिंह मंदिर जोशीमठ में दर्शन किये आज बदरीनाथ धाम दर्शन को आये। बताया कि इस दौरान उन्होंने सभी का धन्यवाद किया तथा बदरीनाथ धाम सिंह द्वार पर फोटो भी खिंचवाई। इस अवसर प्रभारी अधिकारी अनिल ध्यानी, ईओ नगर पंचायत सुनील पुरोहित आदि मौजूद रहे।

दून वैली मेल

## संपादकीय

### भ्रष्टाचार पर चुप्पी क्यों?

भ्रष्टाचार जो हमारे देश और समाज की सबसे बड़ी समस्या है उस मुद्दे पर शासन-प्रशासन में बैठे लोगों द्वारा हमेशा ही चुप्पी क्यों साधी जाती रही है यह सवाल हर आम आदमी के मन में रहता है। भ्रष्टाचार शब्द का उपयोग नेताओं द्वारा या तो अपने चुनावी लाभ के लिए किया जाता है या फिर अपने राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ ईडी और सीबीआई के छापे के जरिए उन्हें चुप कराने के लिए। अलबत्ता भ्रष्टाचार को मिटाने के नाम पर हमेशा एक गंभीर उदासीनता ही बनी रहती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब देश की सत्ता संभाली थी तब उन्होंने कहा था कि न खाऊंगा और न खाने दूंगा लेकिन उनके शासनकाल के 9 साल बीत जाने के बाद देश की सर्वोच्च अदालत उनकी सरकार से पूछ रही है कि उसने भ्रष्टाचार को रोकने और लोकायुक्त और लोकपाल गठन को लेकर क्या किया? अभी बीते दिनों नैनीताल हाई कोर्ट द्वारा उत्तराखंड की धामी सरकार को नोटिस जारी कर लोकायुक्त का गठन न किए जाने पर जवाब मांगते हुए लोकायुक्त के कार्यालय पर होने वाले खर्चे पर रोक लगा दी गई थी। उत्तराखंड में भी बीते 6 सालों से भाजपा की सरकार है लेकिन लोकायुक्त की नियुक्ति के बिना ही लोकायुक्त कार्यालय पर करोड़ खर्च किए जा रहे हैं। यह अत्यंत हास्यापद स्थिति है कि भ्रष्टाचार रोकने के नाम पर सत्ता में बैठे लोगों द्वारा तरह-तरह के नाटक किए जाते हैं और कोई भी सरकार या नेता इस समस्या को लेकर कभी संजीदा नहीं रहे। पूर्ववर्ती त्रिवेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व वाली सरकार की बात की जाए तो चुनाव के दौरान भाजपा ने सरकार बनने के 100 दिन के भीतर लोकायुक्त गठन का का वायदा किया। त्रिवेंद्र सिंह रावत अपने चार साल के कार्यकाल मे भी लोकायुक्त का गठन नहीं कर सके। हद तो तब हो गई जब उनके द्वारा विधानसभा में पेश किए गए लोकायुक्त प्रस्ताव पर कोई सवाल पूछता तो उनका जवाब होता कि जब सूबे में भ्रष्टाचार ही नहीं रहा तो लोकायुक्त की क्या जरूरत है। अहो भाग्य इस प्रांत के लोगों के जिनके नेताओं द्वारा सच नजर नहीं आता और अगर आता है तो वह बिल्ली को सामने देखकर अपनी आंखें मूंद लेते हैं और सोचते हैं अब बिल्ली भी उन्हे नहीं देख सकती है। इन दिनों भी उत्तराखंड की राजनीति में कई भ्रष्टाचार के मुद्दों ने तहलका मचा रखा है। जिसमें भर्ती घोटाले टाइगर सफारी घोटाला और रजिस्ट्री घोटाले जैसे कई घोटाले हमारे सामने हैं। फर्जी रजिस्ट्री घोटाले की जांच कर रही एसआईटी की टीम ने कल एक और अधिवक्ता की गिरफ्तारी की यह इस मामले की 18वीं गिरफ्तारी है। इस घोटाले के खुलासे के बाद यह बात बड़ी आसानी से समझी जा सकती है कि राज्य गठन के बाद कितने व्यापक स्तर पर जमीनी घोटाले हुए हैं। एनएच-94 घोटाले की चर्चा तो अब सुनाई भी नहीं देती भर्तियों में हुए घोटालों ने समूचे तंत्र और जनमानस को ही झकझोर कर रख दिया क्या अधिकारी और क्या नेता किसकी संलिप्तता इस भर्ती घोटाले में सामने नहीं आई। बीते कल कार्बेट टाइगर रिजर्व पार्क घोटाले को लेकर सीबीआई द्वारा पूर्व डीएफओ और पूर्व रेंजर के ठिकानों पर छापेमारी की गई। इस बड़े घोटाले में तत्कालीन वन मंत्री डॉ हरक सिंह भी आरोपो के घेरे में है। छापेमारी में उनके ठिकानों से कई हाई पावर जेनरेटर आदि बरामद हुए थे जो सरकारी पैसे से खरीदे गए। सवाल यह है कि क्या इस भ्रष्टाचार की रोकथाम के लिए किसी भी स्तर पर कोई प्रभावी कदम उठाए जा सकेंगे?

असृग्रमिन्दवः पथा धर्मन्नृतस्य सुश्रियः।
विदाना अस्य योजनम् (ऋग्वेद ९-७-१)

ज्ञानी, तेजस्वी और कृपालु संत लोग सभी के कल्याण करने वाले धर्म को जानते हैं। वे श्रेष्ठ कर्म करते हैं। उन्हें दूसरों को भी अपने अर्जित ज्ञान को देना चाहिए जिससे की समस्त मानव जाति का उत्थान हो सके।


Knowledgeable] brilliant] and kind saints know the Dharma] which is beneficial for all- They do great deeds- They should also impart their acquired knowledge to others so that mankind can be uplifted- (Rig Ved 9&7&1)

# पीएम ने एक्स पर साझा किया अनुभव, बोले, पार्वती कुंड और जागेश्वर धाम जरूर जायें श्रद्धालु

संवाददाता

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कैलाश एवं जागेश्वर धाम यात्रा मंत्रमुग्ध कर गयी जिसको उन्होंने अपने सोशल मीडिया एक्स हेंडल में सांझा की।

हाल में ही उत्तराखण्ड के एक दिवसीय कुमांऊ दौरे से लौटे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आदि कैलाश एवं जागेश्वर धाम यात्रा उनके जीवन की ऐतिहासिक यात्राओं में शामिल हो गई है। यह बात देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं अपने आधिकारिक एक्स हेंडल साझा की है।



पीएम मोदी ने आदि कैलाश एवं जागेश्वर धाम यात्रा से मंत्रमुग्ध होते हुए लिखा है कि “यदि कोई मुझसे पूछे - यदि आपको उत्तराखण्ड में एक जगह अवश्य देखनी चाहिए तो वह कौन सी जगह होगी, तो मैं कहूंगा कि आपको राज्य के कुमाऊं क्षेत्र में पार्वती कुंड और जागेश्वर मंदिर अवश्य देखने चाहिए। प्राकृतिक सुंदरता और दिव्यता आपको मंत्रमुग्ध कर देगी।” प्रधानमंत्री मोदी अपने दूसरी पोस्ट में लिखते हैं कि “बेशक, उत्तराखण्ड में घूमने लायक कई प्रसिद्ध जगहें हैं और मैंने भी अक्सर उत्तराखण्ड का दौरा किया है। इसमें केदारनाथ और बदरीनाथ के पवित्र स्थान शामिल हैं, जो सबसे यादगार अनुभव हैं। लेकिन, कई वर्षों के बाद पार्वती कुंड और जागेश्वर मंदिर में लौटना विशेष रहा।”

इधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पोस्ट के जवाब में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों की ओर से आभार प्रकट करते हुए लिखा कि “आदरणीय प्रधानमंत्री आपके कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में देवभूमि उत्तराखण्ड धार्मिक, आध्यात्मिक एवं साहसिक पर्यटन के क्षेत्र में नित नए आयाम स्थापित कर रहा है। आपके विजन के अनुरूप रोड, रेल और रोपवे निर्माण के माध्यम से श्रद्धालुओं के आवागमन को सुविधाजनक बनाया जा रहा है।” मुख्यमंत्री धामी आगे लिखते हैं कि “प्रधानमंत्री के आदि कैलाश, पार्वती कुंड और जागेश्वर धाम के ऐतिहासिक भ्रमण से न केवल इन पवित्र स्थलों को नई पहचान मिली है बल्कि स्थानीय लोगों की समृद्धि का मार्ग भी प्रशस्त हुआ है।

मानसखंड मंदिर माला मिशन को वैश्विक पहचान दिलाने एवं देवभूमि उत्तराखण्ड के प्रति आपके असीम स्नेह व प्रेम हेतु समस्त प्रदेशवासियों की ओर से आभार“ प्रधानमंत्री मोदी द्वारा उत्तराखण्ड दौरे के दो दिन बाद साझा की गई पोस्ट उनके उत्तराखण्ड के प्रति लगाव को स्पष्ट दर्शाता है। पीएम मोदी ने आदि कैलाश एवं जागेश्वर धाम यात्रा से देश दुनियां को न सिर्फ धर्म आध्यात्म का संदेश दिया बल्कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मानखण्ड मंदिरमाला मिशन के विजन पर भी मुहर लगाई है।

# सितारगंज में 16 को किसानों की मांग को लेकर होगा विशाल प्रदर्शनः माहरा

देहरादून। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करना माहरा का कहना है कि 16 अक्टूबर को जनपद उधमसिंगगर के सितारगंज में किसानों की मांगों को लेकर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी, विधायक तिलकराज बेहड़, आदेश चौहान, गोपाल सिंह राणा, सुमित हृदयेश, जिला/महानगर/ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षगणों के संयुक्त नेतृत्व में विशाल प्रदर्शन किया जायेगा।

वहीं 16 अक्टूबर को ही जनपद हरिद्वार में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, विधायक ममता राकेश, फुरकान अहमद, रवि बहादुर, अनुपमा रावत, विरेन्द्र जाति, जिला/महानगर एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटियों के संयुक्त नेतृत्व में प्रदर्शन किया जायेगा। प्रदर्शन के उपरान्त जिलाधिकारी के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपा जायेगा।

मथुरा दत्त जोशी ने बताया कि कांग्रेस पार्टी आपदा पीडित किसानों को महंगाई के अनुरूप उनके नुकसान का आकलंन कर उचित मुआवजा दिये जाने, किसानों को गन्ना का मूल्य मंहगाई के अनुरूप बढ़ाया जाने, आपदा के दौरान का विद्युत बिल माफ किये जाने, किसानों के गन्ने का पिछली बकाया राशि का शीघ्रताशीघ्र भुगतान किये जाने, धान खरीद में की जा रही अनियमितता जैसे अनेक मुद्दों पर जोरदार प्रदर्शन करेगी।



करन माहरा ने कहा 2014-19 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने देश की जनता को अच्छे दिनों का लोभ देकर, झूठे वायदे कर सत्ता हथियाने का काम किया था। परन्तु 10 वर्ष बीत जाने के बाद भी देश की जनता के साथ जो वादे किये थे वह आजतक एक भी पूरे नही हुए है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा माहरा ने कहा कि किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य नही मिल पा रहा है। किसान ऋण तले दबता जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कहा था कि यदि हमारी सरकार आई तो किसानों का ऋण माफ करने के साथ ही उन्हें व्याज मुक्त ऋण दिया जायेगा, परन्तु सरकार अपने इस वायदे से विमुख हुई है। उन्होंने कहा कि किसान अन्नदाता है और कांग्रेस ने सदैव किसानों की हक की लड़ाई सदन से लेकर सड़क तक लड़ी है और यह सिलसिला तब तक चलता रहेगा जब तक किसानों को न्याय नही मिल जाता।

करन माहरा ने कहा कि मोदी ने देश की जनता के साथ जो वादे किये थे उनमें से एक भी वादा पूरा नही किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की करनी और कथनी को देश की जनता समझ चुकी है।

करना माहरा ने कहा भाजपा पिछले लोकसभा चुनाव में बडे- बडे वादे कर सत्ता में आई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सपनों का एक माया जाल बुना था, जिसमें वह सफल भी हुए थे। उन्होंने कहा कि देश की जनता को 15 लाख देने का वादा किया था। परन्तु अपने हर चुनावी वादे में नाकाम साबित होने के बाद देश में बढ़ते आक्रोश को समाप्त करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिना किसी तैयारी एवं जानकारी के नोटबन्दी का फैसला भारत की जनता के ऊपर थोप दिया।

उन्होंने कहा कि मोदी ने नोटबन्दी को देश भक्ति से जोड़कर अपने इस गलत फैसले पर उठने वाले सवालों को दबाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का सिद्धान्त शुरू से ही जबाव देही से बचने का रहा है।

संगठन/प्रशासन मथुरा दत्त जोशी ने यह जानकारी दी है।

# चिकित्सा, विधि कॉलेजों को छोड़कर उच्च शिक्षा आयोग के दायरे में आएंगे सभी कॉलेज

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि एकल उच्च शिक्षा नियामक स्थापित करने के उद्देश्य से भारतीय उच्च शिक्षा आयोग (एचईसीआई) विधेयक जल्द ही संसद में पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चिकित्सा और विधि कॉलेजों को छोड़कर, सभी कॉलेजों को एचईसीआई के दायरे में लाया जाएगा।

प्रधान ने एक एजेंसी से साक्षात्कार में कहा कि एचईसीआई की तीन प्रमुख भूमिकाएं विनियमन, मान्यता और पेशेवर मानक स्थापित करना हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वित्त पोषण (फंडिंग) एचईसीआई के अधीन नहीं होगा और वित्त पोषण की स्वायत्तता प्रशासनिक मंत्रालय के पास रहेगी।



**तीन प्रमुख कार्यक्षेत्र:** प्रधान ने कहा कि हम जल्द ही संसद में एचईसीआई विधेयक लाएंगे। उसके बाद स्थायी समिति की भी जांच होगी लेकिन हमने हर चीज के लिए व्यापक काम शुरू कर दिया है। तीन प्रमुख कार्यक्षेत्र हैं। पहली भूमिका नियामक की है, जो यूजीसी (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग) करता है। इसने पहले ही अपने स्तर पर कई आंतरिक सुधार शुरू कर दिए हैं।

उन्होंने कहा, दूसरा दो स्तरों पर मान्यता है। कॉलेजों की मान्यता और कार्यक्रमों व पाठ्यक्रमों की मान्यता। हमने एनएएसी (राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद) में सुधार के लिए डॉ. राधाकृष्णन के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया था, इसने सिफारिशें भी की हैं। तीसरा, क्या पढ़ाया जाएगा और कैसे पढ़ाया जाएगा, इसके बारे में पेशेवर मानक तय करना है।

**एकल नियामक का हिस्सा नहीं होगा वित्त पोषण:** शिक्षा और कौशल विकास मंत्री ने हालांकि स्पष्ट किया कि वित्तपोषण एकल नियामक का हिस्सा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि वित्त पोषण की स्वायत्तता स्वास्थ्य मंत्रालय, कृषि या हमारे मंत्रालय जैसे प्रशासनिक मंत्रालय के पास रहेगी।

**एनईपी में किया गया प्रस्तावित:** एचईसीआई को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में प्रस्तावित किया गया। एचईसीआई की अवधारणा पर पहले भी एक मसौदा विधेयक के रूप में चर्चा की जा चुकी है। यह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी), अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) और राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) की जगह लेगा। यूजीसी गैर-तकनीकी उच्च शिक्षा और एआईसीटीई तकनीकी शिक्षा की देखरेख करता है। वहीं एनसीटीई शिक्षकों की शिक्षा के लिए नियामक संस्था है।

एचईसीआई को वास्तविकता बनाने के लिए नए सिरे से प्रयास केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के नेतृत्व में शुरू हुए थे। एकल उच्च शिक्षा नियामक की प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए एनईपी 2020 दस्तावेज कहता है कि उच्च शिक्षा क्षेत्र को फिर से सक्रिय करने और इसे पनपने में सक्षम बनाने के लिए नियामक प्रणाली में पूर्ण बदलाव की आवश्यकता है।

**क्या है विधेयक में:** विधेयक के मसौदे के अनुसार, उच्च शिक्षा आयोग के पास शैक्षणिक गुणवत्ता के मानदंडों के अनुपालन के आधार पर शैक्षणिक संचालन शुरू करने के लिए अनुमति देने की शक्ति होगी। इसके पास मानदंडों या विनियमों के अनुपालन में जानबूझकर या लगातार चूक सामने पर उच्च शिक्षा संस्थान को मिली अनुमति को रद्द करने की भी ताकत होगी।

मसौदा विधेयक में कहा गया कि आयोग उच्च शिक्षा संस्थानों द्वारा लिए जाने वाले शुल्क के निर्धारण के लिए मानदंड और प्रक्रियाएं भी जारी करेगा और शिक्षा को सभी के लिए किफायती बनाने के लिए उठाए जाने वाले कदमों के संबंध में केंद्र सरकार या राज्य सरकारों को सलाह देगा।

# बिना पैन के खाता खोल सकती हैं विदेशी कंपनियां

नई दिल्ली । प्रवासियों और विदेशी कंपनियों को आईएफएससी गिफ्ट सिटी में बैंक खाता खोलने के लिए पैन (स्थायी खाता संख्या) नहीं देना होगा। इसके बजाय उन्हें एक घोषणा दाखिल करना होगी। अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) में बैंक खाता खोलने वाले अनिवासी या विदेशी कंपनी को फॉर्म-60 में तहत घोषणा देनी होगी। साथ ही उनपर भारत में कोई कर देनदारी नहीं होनी चाहिए।

वित्त मंत्रालय ने आयकर नियमों में संशोधन कर बैंक खाता खोलने वाले गैर-निवासियों को पैन जमा करने की जरूरत से छूट दे दी है। नांगिया एंडरसन एलएलपी के साझेदार सुनील गिडवानी ने कहा कि इस छूट से विदेशी कंपनियों, एनआरआई और अन्य गैर-निवासियों के लिए आईएफएससी बैंक में खाता खोलना आसान हो जाएगा। गिडवानी ने कहा, यह आईएफएससी में बैंक की देनदारी/जमा पक्ष के साथ-साथ खुदरा व्यापार खंड को बढ़ावा देगा।

# खाने में नमक हो ज्यादा तो क्या करें...

खाने में ज्यादा नमक हो जाने से इसका स्वाद बिल्कुल बदल जाता है और यह सेहत के लिए भी हानिकारक हो सकता है।



अधिक नमक का सेवन कई तरह की सेहत समस्याओं का कारण बन सकता है जैसे उच्च रक्तचाप, दिल से संबंधित समस्याएँ और शरीर में पानी की अत्यधिक रक्तवाहिनी बनाने का खतरा। सामान्य रूप से एक व्यक्ति को रोजाना कम से कम 5 ग्राम (1 चम्मच) से ज्यादा नमक की आवश्यकता होती है।

यदि आप किसी डिश को बनाने में मेहनत कर रहे हैं और उसमें नमक की मात्रा अधिक हो जाए तो यह पूरा बेकार हो जाता है लेकिन अब आपको इससे घबराने की जरुरत नहीं है। आज के आर्टिकल में हम इससे निजात पाने के कुछ उपाए बताएंगे।

**खाने में हो गया है ज्यादा नमक, इन आसान तरीके से बैलेंस हो जाएगा स्वाद....**

आलू का टुकड़ा

आलू के टुकड़े खाने में अतिरिक्त नमक को सोख सकते हैं और यह आपकी डिश का स्वाद भी बिगाड़े बिना नमक की मात्रा को कम कर सकता है।इसके लिए आलू के टुकड़े को अच्छे से धोकर छील लें। आलू को सब्जी में 20 मिनट तक छोड़ दें।

**आटे की लोई**

आटे की लोईयां बनाकर उन्हें करी में डालने से आप अतिरिक्त नमक को सोख सकते हैं और डिश के स्वाद को सुधार सकते हैं। आटे की लोईयां बनाने के लिए आप आटे को पानी के साथ मिलाकर मुलायम आटा तैयार कर सकते हैं। जिसके बाद छोटी गोल बॉल्स बनाएं। इन बॉल्स को अपनी करी में डालें और उन्हें पकाने के बाद निकाल लें। यह बॉल्स अतिरिक्त नमक को सोखेंगे और आपकी डिश के स्वाद को बेहतर बनाएंगे।



**मलाई**



मलाई का उपयोग करके डिश को क्रीमी और स्वादिष्ट बनाया जाता है। इससे नमक की मात्रा को कम करने में मदद मिल सकती है। मलाई डिश को मुलायम और चटकदार बनाती है।

**दही**

दही का उपयोग से आपकी डिश की नमक की मात्रा को कम कर सकते हैं। दही न केवल खाने में क्रीमी बनाता है, बल्कि इससे आपकी करी का स्वाद भी बढ़ सकता है। दही में प्रोबायोटिक्स होते हैं जो आपके पाचन प्रणाली को स्वस्थ बनाने में मदद कर सकते हैं। दही को सब्जी में मिलाने के 5 मिनट तक पकने दें।

# नोएडा में 14 स्कूलों को बंद करने का आदेश कानून के उल्लंघन पर सरकार का ऐक्शन

राजधानी दिल्ली से सटे नोएडा में 14 स्कूलों को बंद कर दिया गया है। गौतम बौद्ध नगर जिला प्रशासन ने इन स्कूलों को कथित तौर पर बिना किसी आधिकारिक मान्यता के चलते हुए पाए जाने के बाद तत्काल प्रभाव से अपना संचालन बंद करने का आदेश दिया है। जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) धर्मवीर सिंह ने बताया कि इनमें से ज्यादातर स्कूल नोएडा के गांवों में हैं।



अधिकारी ने बताया कि हाल के दिनों में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्कूलों का एक सर्वे किया गया था।

सर्वे में यह पता लगाया गया कि क्या कोई स्कूल श्बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 का उल्लंघन तो नहीं कर रहा। उन्होंने आगे बताया कि यह अनिवार्य है कि औपचारिक शिक्षा देने वाले स्कूलों को राज्य सरकार से मान्यता लेना होगा।

अधिकारी ने बताया कि नोएडा में सर्वे के दौरान 14 स्कूल ऐसे पाए गए जो कानून का उल्लंघन कर रहे थे। ऐसे में तत्काल प्रभाव से इन स्कूलों का संचालन बंद करने का आदेश जारी किया गया है। स्कूलों में अवैध रूप से और बगैर मान्यता लिए कक्षाएं चल रही थीं। जिला प्रशासन ने ऐसे 14 स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी कर दिया है।

विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, इनमें से सात स्कूल हरौला में, चार जलपुरा में और एक-एक शाहदरा, मंगरौली और छिजारसी में स्थित हैं। इन स्कूलों में औसतन 150 छात्र नामांकित हैं।

# एनपीएस खाते में क्यूआर कोड से भी निवेश कर सकेंगे

पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) से जुड़ सदस्यों के लिए नई सुविधा शुरू की है। अब सदस्य क्यूआर कोड के माध्यम से भी एनपीएस खाते में निवेश कर सकेंगे। यह सुविधा डी-रेमिट वर्चुअल आईडी के तहत उपलब्ध होगी। इससे भुगतान तेज होगा और एक ही दिन में निवेश की राशि खाते में दर्ज हो जाएगी।

पीएफआरडीए के अनुसार, प्रत्येक डी-रेमिट आईडी के लिए अलग क्यूआर कोड उपलब्ध होगा। इसके अलावा सदस्यों के पास डी-रेमिट आईडी होना जरूरी है। यह सुविधा सदस्यों को पॉइंट ऑफ प्रेजेंस (पीओपी) पर जाए बिना एनपीएस खाते (टियर प और पप) में सीधे बैंक खाते से एनपीएस में निवेश राशि जमा करने की अनुमति देगी। पीएफआरडीए ने उम्मीद जताई है कि यह सुविधा जल्दी ही लोकप्रियता हासिल करेगी।

भुगतान समय का रखें ध्यान

डी-रेमिट आईडी से क्यूआर कोड या अन्य माध्यमों के जरिए किए योगदान का समय भी अहम है। पीएफआरडीए के अनुसार, इस प्रक्रिया में सुबह 9:30 बजे के पहले किए गए भुगतान को ही उसी दिन किया गया निवेश माना जाएगा। ग्राहक को उसी दिन निवेश का शुद्ध परिसंपत्ति मूल्य (एनएवी) प्राप्त होगा।

क्या है डी-रेमिट सुविधा

पेंशन फंड नियामक ने वर्ष 2020 में एनसीएस सदस्यों के लिए डी-रेमिट सुविधा शुरू की थी। इसके तहत सदस्यों को डी-रेमिट वर्चुअल आईडी बनानी होती है, जो एनपीएस के स्थायी खाता संख्या (पीआरएएन) से लिंक होती है। इस सुविधा में सदस्य अपने बैंक खातों से सीधे अपने एनसीएस खातों (टियर-1 और टियर-2) में धन हस्तांतरित कर सकते हैं। डी-रेमिट सुविधा के माध्यम से न्यूनतम भुगतान राशि 500 रुपये है।

ऐसे उठा सकेंगे लाभ

वर्चुअल आईडी बनाने के बाद सदस्य को अपने नेट बैंकिंग खाते में लॉगइन कर एनपीएस के संख्या संख्या और आईएफएससी कोड, यूपीआई आईडी या क्यूआर कोड से जोड़ना होगा। इसके बाद अपने भुगतान को मासिक, त्रैमासिक, छमाही या सालाना आधार पर तय करना होगा। जिस तिथि का चयन भुगतान के लिए करेंगे, उससे पहले संदेश भेजा जाएगा। उसी के आधार पर भुगतान प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

# शिमरी बॉडीकॉन आउटफिट पहन मौनी रॉय ने लगाया बोल्डनेस का तड़का



बी-टाउन की हॉट अभिनेत्रियों में से एक मौनी रॉय आए दिन अनी बोल्ड और हॉट फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस को दीवाना बनाती रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर शेयर होती ही तहलका मचाने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की हॉट फोटोज शेयर कर लोगों के बीच लाइमलाइट लूट ली है।

इन तस्वीरों में उनका सेक्सी अंदाज देखकर फैंस उनके हुस्न के कायल हो गए हैं टीवी की हॉट नागिनों में से एक और बॉलीवुड की ग्लैमरस क्वीन मौनी रॉय आए दिन अपने फोटोज शेयर कर सोशल मीडिया का पारा गर्म कर देती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस मौनी रॉय ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की शानदार तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस के बीच बवाल मचा दिया है। मौनी रॉय ने अपनी इन लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान शिमरी बॉडीकॉन आउटफिट पहना हुआ है। एक्ट्रेस के इस लुक को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। मौनी रॉय अपनी इन तस्वीरों में एक से बढकर एक किलर पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

खुले बाल, कातिलाना अंदाज, स्मोकी आई मेकअप और न्यूड लिप्सटिक लगा कर एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। बताते चलें कि एक्ट्रेस जब भी अफनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो उनके चाहने वाले उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। इन फोटोज में आप देख सकते हैं मौनी रॉय अपनी पतली कमर फ्लॉन्ट करते हुए फैंस का पूरा ध्यान अपनी ओर खींचती हुई नजर आ रही हैं। मौनी रॉय ने अपनी इन फोटोज को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है- फिट होने में हमेशा प्रॉब्लम होती है... साथ ही एक इमोजी भी शेयर किया है। (आरएनएस)

# इमोशनल कार्ड नाकाम हुआ

चूंकि धारा 370 हटाए जाने के बाद जनमत की पहली अभिव्यक्ति का मौका लद्दाख में ही आया, इसलिए इन चुनावों पर सारे देश की नजर थी। साफ है, वहां हुए इम्तिहान में भाजपा नाकाम रही। अब देखने की बात होगी कि क्या जम्मू-कश्मीर में नतीजा इससे अलग होगा?

लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद- करगिल के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की बुरी हार का संदेश साफ है। धारा 370 को खत्म करने के साथ केंद्र की भाजपा सरकार ने वहां विकास की जो ऊंची उम्मीदें जताई थीं, वे जमीन पर नहीं उतरीं। यहां ये बात जरूर याद कर लेनी चाहिए कि अगस्त 2019 में उठाए गए उस कदम का लद्दाख में उत्साह से स्वागत किया गया था। लद्दाख वह इलाका है, जहां उसके पहले भी जम्मू-कश्मीर का हिस्सा होने को लेकर जब-तब असंतोष उभरता रहता था। लेकिन धारा 370 की समाप्ति के चार साल बाद वहां के लोगों का मोह भंग हो गया नजर आता है। इसके संकेत पहले से थे। संभवत: वहां बढ़ते गए असंतोष में कुछ भूमिका अप्रैल 2020 के बाद लद्दाख सीमा पर चीन की फौज के कथित अतिक्रमण की भी है। हालांकि भारत सरकार ने चीन की घुसपैठ की बात का बार-बार खंडन किया है, लेकिन लद्दाख के लोगों का प्रत्यक्ष अनुभव कुछ और है। उनकी भावनाएं कई बार मीडिया रिपोर्टों से जरिए सामने आई हैं। जिन इलाकों में चुनाव हुए, वहां बेशक मुस्लिम आबादी काफी है। लेकिन उन क्षेत्रों में बौद्ध और हिंदू आबादी भी है।

इसलिए वहां से आए चुनाव नतीजों को सिर्फ मजहबी आधार पर हुए ध्रुवीकरण का परिणाम नहीं कहा जा सकता। अगर सिर्फ मुस्लिम मतदाता ही भाजपा के खिलाफ होते, उसे 26 निर्वाचित सीटों में से सिर्फ दो नहीं मिलतीं। इसलिए इन नतीजों से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि भावनात्मक कार्ड कुछ समय के लिए लोगों में उत्साह भर सकते हैं, लेकिन उनका असर स्थायी नहीं होता।

दूसरा संदेश संभवत: यह है कि जब रोजी-रोटी और विकास की कसौटी पर प्रदर्शन निर्णायक पैमाना बन जाए, तो वर्तमान भाजपा सरकार के लिए लोगों के बीच अपने लिए समर्थन बनाए रखना मुश्किल हो जाता है। (आरएनएस)

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन

# जब टूथपेस्ट का इस्तेमाल बंद कर देंगे... तो दांत पर होगा कुछ ऐसा असर

सभी लोग जानते हैं कि दांतों को साफ करने के लिए टूथपेस्ट का इस्तेमाल किया जाता है. ऐसे में हम अगर बोले कि आप दांत साफ करने के लिए टूथपेस्ट का इस्तेमाल मत कीजिए तो किसी पागलपन से कम नहीं लगेगा. ताजी सांस, हेल्दी दांत, मजबूत मसूड़े चाहते हैं तो टूथपेस्ट का इस्तेमाल बेहद जरूरी है. लेकिन हम इस आर्टिकल के जरिए आपको मार्केट वाले कोलगेट और प्रोडक्ट के बदले घर में बने हुए नैचुरल ऐसी चीजें जो आपके दांत साफ करने में आपकी मदद कर सकती है. घर में बने हुए नैचुरल दंत मंजन टाइप की चीजें आपके दांत के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होते हैं.




कॉलगेट में पाया जाने वाला फ्लोराइड से कैंसर का खतरा बढ़ता है

रिपोर्ट के मुताबिक टूथपेस्ट में फ्लोराइड होता है. जिसी पर पूरी डिबेट है. अक्सर लोग यह सवाल उठाते हैं कि यह जो तत्व है उससे कैंसर होने का खतरा बढ़ता है. हालांकि यह सच है कि समय के साथ उपयोग करने पर यह सामान्य रूप से इनेमल और दांतों को मजबूत करने में मदद कर सकता है. गर्भवती महिलाओं द्वारा उपयोग किए जाने पर फ्लोराइड संभावित रूप से थायरॉयड समस्याएं, प्रजनन समस्याएं, न्यूरोलॉजिकल समस्याएं और भ्रूण के विकास संबंधी समस्याएं पैदा कर सकता है.

टूथपेस्ट की जगह क्या इस्तेमाल करें जो दांत के लिए अच्छा हो?

रिपोर्ट के मुताबिक घर पर अपना खुद का टूथपेस्ट बनाने के कई फायदे हैं. आप नैचुरल तरीके से घर पर ही कॉलगेट बना सकते हैं और उसमें प्लास्टिक की मात्रा होने का खतरा भी कम होता है. इसमें आप अपने हिसाब से नैचुरल तत्व भी चुन सकते हैं. स्वाद भी आप अपने हिसाब से तय कर सकते हैं. आपको अपने घर में बने टूथपेस्ट में कभी भी सिरका, हाइड्रोजन पेरोक्साइड या नींबू का रस शामिल नहीं करना चाहिए क्योंकि ये आपके इनेमल को खराब कर सकते हैं और आपके दांतों को नुकसान पहुंचा सकते हैं.

मुंह संबंधी सभी बीमारियों से निजात चाहिए तो घर में इस तरीके से बनाएं टूथपेस्ट

रिपोर्ट के मुताबिक घर पर बने टूथपेस्ट में आमतौर पर उपयोग की जाने वाली कई सामग्रियां पूरी तरह से सुरक्षित हैं और बहुत स्वास्थ्यवर्धक हो सकती हैं. उदाहरण के लिए, नारियल का तेल, जिसे अक्सर ऑयल पुलिंग नामक मुंह-सफाई विधि के लिए उपयोग किया जाता है, आपके मुंह में बैक्टीरिया को मार सकता है, सांसों को ताजा कर सकता है, प्लाक को कम कर सकता है, कैविटी को रोक सकता है और यहां तक कि सूजन को भी कम कर सकता है. टूथपेस्ट में सेज को शामिल करना अच्छा आइडिया है यह आपके मसूड़े संबंधी बीमारी को दूर करके सूजन को कम कर सकते हैं. बेकिंग सोडा एक प्रभावी और हल्का तत्व है जो प्लाक को हटाने और दांतों को सफेद करने में मदद कर सकता है. और जबकि अमेरिकन डेंटल एसोसिएशन ने इस सूची में किसी अन्य उत्पाद पर अपनी मंजूरी नहीं दी है, उसने दांतों की देखभाल के लिए बेकिंग सोडा को सुरक्षित और स्वस्थ माना है।




## शब्द सामर्थ्य -211

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊप[illegible] नीचे**
1. गणपतिजी, [illegible]ांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रात:, सबेरा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | ■ | 3 | | |
| | ■ | | ■ | 4 | 5 | | ■ | ■ |
| 6 | 7 | | 8 | ■ | | ■ | ■ | 9 |
| ■ | 10 | | | ■ | 11 | 12 | 13 | |
| ■ | 14 | | ■ | 15 | | | | |
| 16 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| 17 | | | 18 | | ■ | 19 | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 20 | ■ | ■ | 21 |
| 22 | | | | ■ | 23 | | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 210 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | ■ | प | स | ■ | ■ |
| जा | त | ■ | थ | प | थ | पा | ना | ■ |
| य | र | का | नी | ■ | भ्र | ■ | र | श्मि |
| ब | घा | र | ■ | क | ष्ट | प्र | द | ■ |
| ■ | त | ना | त | नी | ■ | र्व | ■ | ब |
| अ | ■ | मा | ■ | ज | मा | त | ■ | ल |
| स | जा | ■ | ■ | ■ | ■ | क | ज | रा |
| बा | ■ | बे | स | हा | रा | ■ | ग | म |
| ब | गु | ला | ■ | रा | ज | दू | त | ■ |

## फिल्म मिशन रानीगंज का गाना जीतेंगे जारी, अक्षय कुमार और बी प्राक फिर आए साथ

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की फिल्म मिशन रानीगंज ने बीते 6 अक्टूबर सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटा दिया है। इस फिल्म को समीक्षकों के साथ दर्शकों की बेहतरीन प्रतिक्रिया मिल रही है, जिसके चलते यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक प्रदर्शन कर रही है। अब अक्षय ने मिशन रानीगंज का नया गाना जारी कर दिया है, जिसे बी प्राक ने गाया है।गाने के बोल कुमार विश्वास ने लिखे हैं।




इससे पहले प्राक ने अक्षय की फिल्म केसरी के लिए तेरी मिट्टी गाना गाया था, जिसे प्रशंसकों द्वारा काफी पसंद किया गया था।मिशन रानीगंज की कमाई की बात करें तो यह फिल्म अब तक 12.15 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर चुकी है। इसमें अक्षय की जोड़ी परिणीति चोपड़ा के साथ बनी है।

इसका निर्देशन टीनू सुरेश देसाई ने किया है।

मिशन रानीगंज में दिव्येंदु भट्टाचार्या, रवि किशन, राजेश शर्मा, कुमुद मिश्रा, वरुण बडोला जैसे सितारे भी अहम भूमिकाओं में हैं।इसका निर्देशन टीनू सुरेश देसाई ने किया है।मिशन रानीगंज की कहानी पूर्व एडिशनल चीफ माइनिंग इंजीनियर जसवंत सिंह गिल पर आधारित है।

उन्होंने साल 1989 में पश्चिम बंगाल में कोयला खदान में फंसे 65 मजदूरों की जान बचाई थी।उनको इस बहादुरी के लिए भारत सरकार द्वारा जीवन रक्षा पदक से सम्मानित किया गया था। (आरएनएस)

## शिवकार्तिकेयन की 'अयलान' का टीजर रिलीज

शिवकार्तिकेयन की उत्सुकता से प्रतीक्षित विज्ञान-फाई फिल्म, अयलान ने अपने टीजर का अनावरण किया है, जिससे प्रशंसकों के बीच उत्साह बढ़ गया है। टीजर की शुरुआत एक विचारोत्तेजक संवाद से होती है, जो युगों-युगों तक फैले ऊर्जा के एक स्थायी स्रोत पर प्रकाश डालता है। यह अज्ञात ताकतों द्वारा पीछा किए जाने वाले एक रहस्यमय विदेशी चरित्र का परिचय देता है।



जबकि टीजर कथानक के बारे में गोपनीयता बनाए रखता है, यह फिल्म की दुनिया की एक आकर्षक झलक पेश करता है, जिसमें प्रभावशाली दृश्य और गतिशील एक्शन दृश्य और उल्लेखनीय वीएफएक्स काम दिखाया गया है।

?टीजर के उच्च उत्पादन मूल्यों से फिल्म की रिलीज में देरी उचित हो जाती है।

टीजर दर्शकों को दिलचस्प सवालों के बारे में सोचने पर मजबूर कर देता है: एलियन को कौन निशाना बना रहा है, और शिवकार्तिकेयन और उसके दोस्त इस अलौकिक आगंतुक से कैसे जुड़े हुए हैं? विशेष रूप से, हास्य के क्षण, जैसे शिवकार्तिकेयन के दोस्त तेलुगु गीत सुनते समय एलियन से चाय बनाने का अनुरोध करते हैं, एक ऐसी फिल्म की ओर संकेत करते हैं जो विज्ञान-फाई तत्वों के साथ मनोरंजन को कुशलता से जोड़ती है।

आर. रवि कुमार द्वारा निर्देशित, रकुल प्रीत सिंह अभिनीत और एआर रहमान के संगीत से सुसज्जित, अयलान अवश्य देखने लायक है।

केजेआर स्टूडियो के तहत कोटापडी जे राजेश द्वारा निर्मित, यह फिल्म 2024 में संक्रांति उत्सव के दौरान रिलीज होने वाली है।

## फिल्म सालार के बाद शुरू होगा यश की केजीएफ 3 पर काम

दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने निर्देशक प्रशांत नील मौजूदा वक्त में अपनी आगामी फिल्म सालार को लेकर सुर्खियों में हैं। इसमें प्रभास, पृथ्वीराज सुकुमारन, श्रुति हासन और जगपति बाबू जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। इसके अलावा प्रशांत के पास सुपरस्टार यश की केजीएफ 3 भी है।ताजा खबर यह है कि केजीएफ की तीसरी किस्त केजीएफ 3 साल 2025 में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। सालार की रिलीज के बाद प्रशांत इस फिल्म की शूटिंग शुरू करने वाले हैं।




रिपोर्ट के मुताबिक, यश की केजीएफ 3 की शूटिंग 2024 में शुरू होगी। फिल्म की कहानी वहीं से शुरू होगी, जहां केजीएफ 2 की कहानी का अंत हुआ था।इसमें यश, संजय दत्त, रवीना टंडन, श्रीनिधि शेट्टी अपने किरदारों को दोहराते नजर आएंगे।फिल्म के लिए यश जल्द ही कई लुक टेस्ट से गुजरेंगे। इस खबर की जल्द आधिकारिक घोषणा की जाएगी।

केजीएफ 3 के निर्माण का जिम्मा विजय किरगंदुर ने संभाला है। फिल्म की कहानी प्रशांत ने लिखी है। 21 दिसंबर, 2018 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई केजीएफ चौप्टर 1 ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। यश ने रॉकी भाई बनकर लोगों का दिल जीत लिया था।फिल्म को कन्नड़ में बनाया गया था, जबकि यह तमिल, तेलुगु और हिंदी भाषाओं में डब हुई। केजीएफ चौप्टर 1 ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है।फिल्म का दूसरा भाग केजीएफ: 2 साल 2022 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

## सलमान ने भांजी के साथ शेयर की तस्वीरें, कहा- जीन्स में है लव एंड केयर, हम सिर्फ हम हैं...

बॉलीवुड स्टार सलमान खान ने अपनी भांजी अलीजेह अग्निहोत्री के साथ कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। अलीजेह सलमान की बहन अल्वीरा खान और उनके पति व एक्टर-प्रोड्यूसर अतुल अगिनहोत्री की बड़ी बेटी हैं। सलमान खान ने अपनी भांजी को अपने फेमस ब्रैंड ह्यूमन बीइंग में शामिल कर लिया है, जिसके लिए फोटोशूट हुआ। पहली तस्वीर में दोनों डेनिम शर्ट और जींस में दिख रहे हैं। अलीजेह ने सलमान को पीछे की तरफ से पकड़ा हुआ है और फोटो के ऊपर लिखा है- से हेलो टू माय।

अगली तस्वीर में अलीजेह पूरी तरह से ब्लैक ड्रेस और जैकेट पहने हैं, जबकि सलमान ने ब्लैक टी-शर्ट, पैंट और मैचिंग विंटर जैकेट पहना हुआ है। इस फोटो पर लिखा है- डिजाइन फॉर लव। अलीजेह के साथ दो तस्वीरें साझा करते हुए, सलमान ने इंस्टाग्राम पर कैप्शन में लिखा, जीन्स में है लव एंड केयर, हम सिर्फ हम हैं... महिलाओं के बिल्कुल नए कलेक्शन में अलीजेह अग्निहोत्री। वर्कफ्रंट की बात करें तो सलमान टाइगर 3 की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। इसमें कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी भी हैं। यह फिल्म दिवाली पर रिलीज होने वाली है। अलीजेह फर्रे से डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। (आरएनएस)

## बिग बॉस 17 में नजर आएंगी ब्यूटी क्वीन मनस्वी ममगई, देंगी कड़ी टक्कर

पूर्व ब्यूटी क्वीन और एक्ट्रेस मनस्वी ममगई अपकमिंग कंट्रोवर्शियल रियलिटी शो बिग बॉस के 17वें सीजन में नजर आएंगी। एक करीबी सूत्र ने इस खबर की पुष्टि की कि मनस्वी बिग बॉस शो में नजर आएंगी। शो की थीम कपल बनाम सिंगल्स है, जिसे बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान होस्ट करेंगे।



मनस्वी ने फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2010 का खिताब जीता था और मिस वर्ल्ड 2010 में भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने पहले मिस इंडिया टूरिज्म इंटरनेशनल और मिस टूरिज्म इंटरनेशनल 2008 का खिताब जीता था। 2016 में, वह रिपब्लिकन हिंदू गठबंधन में भारतीय राजदूत बनीं।

एक्ट्रेस का जन्म दिल्ली में हुआ था लेकिन वह चंडीगढ़ में पली बढ़ीं। उनकी मां प्रभा, उत्तराखंड से हैं।

2014 में उन्होंने प्रभु देवा द्वारा निर्देशित इरोज इंटरनेशनल स्टूडियो की फिल्म एक्शन जैक्सन में अजय देवगन के साथ खलनायक मरीना की भूमिका निभाई।

मनस्वी अपने एक्शन जैक्सन स्टार कास्ट के साथ मशहूर भारतीय कॉमेडी शो कॉमेडी नाइट्स विद कपिल में नजर आईं।

उन्हें आखिरी बार काजोल अभिनीत द ट्रायल में देखा गया था।

## 'फुकरे-3' ने 11वें दिन भी बॉक्स ऑफिस पर उड़ाया गर्दा, 100 करोड़ के करीब पहुंची फिल्म

पॉपुलर फ्रेंचाइजी 'फुकरे' की तीसरी इंस्टॉलमेंट 'फुकरे 3' ने 'जवान' की सूनामी के बीच अपनी थिएट्रिकल शुरुआत की थी और फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया. फिल्म दमदार शुरुआत की और पहले दिन 8.82 करोड़ रुपये की कमाई की और लगातार बढ़त बनाए रखी है. चलिए जानते हैं 'फुकरे 3' ने रिलीज के दूसरे संडे यानी 11वें दिन कितने करोड़ का कलेक्शन किया है.

'फुकरे 3' ने रिलीज के 11वें दिन कितने करोड़ का कलेक्शन किया है

'फुकरे 3' बॉक्स ऑफिस पर हाल ही में रिलीज हुई तमाम फिल्मों द वैक्सीन वॉर, मिशन रानीगंज और थैंक्यू फॉर कमिंग को चारो खाने चित्त कर रही है. यहां तक कि 'फुकरे 3' शाहरुख खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'जवान' को भी बराबर की टक्कर दे रही है.




फिल्म रिलीज के पहले दिन से ध ुआधार कमाई कर रही है. 'फुकरे 3' की दूसरे हफ्ते की कमाई की बात करें तो फिल्म ने दूसरे शुक्रवार 2.31 करोड़ की कमाई की थी. वहीं 'फुकरे 3' ने दूसरे शनिवार को 4.02 करोड़ का कलेक्शन किया था. वहीं अब फिल्म की रिलीज के दूसरे संडे यानी 11वें दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.

रिपोर्ट के मुताबिक 'फुकरे 3' ने रिलीज के 11वें दिन यानू दूसरे संडे को 4.30 करोड़ की कमाई की है. इसेक बाद फिल्म की 11 दिनों की कुल कमाई अब 76.15 करोड़ रुपये हो गई है.

'फुकरे 3' बॉकस ऑफिस पर ध माल मचा रही है. ये फिल्म 'द वैक्सीन वॉर' के साथ रिलीज हुई थी और इसने इस फिल्म को जमकर धोया. वहीं इस हफ्ते बॉक्स ऑफिस पर दो बड़ी फिल्में अक्षय कुमार की मिशन रानीगंज और थैंक्यू फॉर कमिंग भी रिलीज हुई थी.

लेकिन ये दोनों ही फिल्में 'फुकरे 3' के आगे टिक नहीं पा रही है और वरुण शर्मा और ऋचा चड्ढा की फिल्म ने इन तमाम फिल्मों को टिकट खिडकी पर पछाड़ दिया है. फिल्म ने 75 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है और अब ये तेजी से 100 करोड़ के आंकड़े की ओर तेजी से बढ़ रही है.

अब देखने वाली बात ये होगी कि ये फिल्म इस माइल स्टोन को कब पार कर पाती है।

# इजरायल-फिलिस्तीन में संघर्ष नया तनाव एवं युद्ध

विकास कुमार

वर्तमान वैश्विक व्यवस्था में असामयिक परिवर्तन के आयाम विकसित हो रहे हैं । विश्व में कई ऐसे विवादित सीमाएं और स्थान यही जिनका निर्णायक निराकरण अभी तक नहीं हो सका है । भू-राजनीति के संदर्भ में समाओं के विस्तार की होड और धार्मिक उन्मादों नें मानवता को शून्यता की श्रेणी में रख दिया । विगत कई महीनों से यूक्रेन-रूस विवाद चल रहा जो अभी तक चल रहा है। फिर से से एक नया विवाद वेस्ट एशिया में उभरा है जो इजरायल और फिलिस्तीन के मध्य है । पिछले दिनों अचानक फिलिस्तीन के संगठन हमास और लेबनान के संगठन हाजिबुल्लाह नें अचानक 5 हजार से अधिक राकेट से हमला किया जिसमें कई इस्राइल नागरिकों की मृत्यु हो गई और कई इमारते ढह गई । इससे इस्राइल नें भी आधिकारिक रूप से युद्ध की घोषणा कर दिया है । दोनों ओर 1 हजार से अधिक नागरिकों के मौतें हो चूकि है । यह विवाद लगभग 73 वर्ष पुराना है। आज तक यह विवाद सुलझ नहीं पाया। महाशक्तियां इसमें अपना -अपना राष्ट्रीय हित देखती हैं। जिस कारण से आज पश्चिमी एशियाई देशों में अस्थिरता बनी हुई है। दोनों देशों के मध्य विवाद के चलते तनाव के कारण युद्ध होते रहते हैं। युद्ध किसी भी जाति ,समुदाय ,वर्ग एवं देश के लिए नहीं अपितु संपूर्ण मानवता के लिए हानिकारक है। आधुनिकता में युद्ध की रणनीति में भी परिवर्तन हुआ है। तकनीकी और प्रौद्योगिकी के विकसित स्वरूप में एक क्षण में करोड़ों लोगों को मारा जा सकता है। इसे रोकने के लिए कई अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समझौते हुए ,परंतु महा शक्तियों के एकल रवैया के कारण यह संपन्न नहीं हो सका। युद्ध में कई परिवार बर्बाद हो जाते हैं , बच्चे अनाथ हो जाते हैं, महिलाएं विधवा हो जाती हैं, और राष्ट्रीय विकास और चरित्र निर्माण का स्तर भी कमजोर हो जाता है। इसमें कौन सही है या कौन गलत यह तो बाद का प्रश्न होता है परंतु जिन सामान्य नागरिकों की हत्याएं इसमें होती है इसका परिणाम केवल दोनों पक्षों के नागरिक ही जानते है । इजरायल और फिलिस्तीन के बीच पिछले कुछ दिनों से ऐसे ही युद्ध चल रहे हैं। दोनों देशों में भयावह स्थिति हैं। बच्चे चीख चिल्ला रहे हैं , लोग बेघर हो गए हैं , घायल और पीडिघ्त तड़प रहे हैं, दैनिक जीवन से जूझता कामगार वर्ग छिपा बैठा है और कर्मचारी काम छोडकर अपनी जान बचाने में लगा है। आखरि यह बर्बादी का रास्ता मानवता को किस ओर ले जा रहा है। हम भविष्य की पीढियों को क्या सीख दे कर जा रहे हैं? यह बातें उन महत्वकांक्षीयों के समझ के परे हैं। इन देशों के विवाद का मूल कारण येरूशलम (तकरीबन 35 एकड़ क्षेत्र) है। जो ईसाई, यहूदी एवं मुस्लिम तीनों धर्म का पवित्र एवं प्रमुख क्षेत्र माना जाता है । तीनों धर्म - मतावलंबियों के लिए यह तीर्थ स्थल है। प्रथम विश्व युद्ध (1914 - 1918 )एवं द्वितीय विश्व युद्ध (1939-1945) में यूरोप में अशांति और अस्थिरता के चलते भारी संख्या में यहूदियों ने इस क्षेत्र में आकर बसना प्रारंभ किया। यह क्षेत्र अरब क्षेत्र का भाग था। जब दोनों में संघर्ष चलने लगा , 1947 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने प्रस्ताव -181 पारित किया और फिलिस्तीन तथा इजरायल नामक दो राज्यों की घोषणा कर दी। इस प्रस्ताव से अरब देश नाखुश थे , मिश्र के नेतृत्व में इजरायल पर हमला कर दिया। यह विवाद तभी से बढ़ता चला गया, जो आज तक तनाव की स्थिति में बना हुआ है।

अमेरिका एवं अन्य कई यूरोपीय देश इजरायल के पक्ष में हैं। यही कारण है कि अमेरिका नें अपने कुछ लड़ाकू विमान भी , परंतु इस्राइल के सहयोग के लिए भेजा है । इजरायल ने जो आक्रमण किया वह आत्म रक्षा हेतु था। इस संबंध में यही प्रतीत होता है कि आर्मेनिया और अजरबैजान जैसे विवाद की तरह इसमें भी सभी देश अपना हित देख रहे हैं। इजराइल के राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि अभी तो शुरुआत है , हम उसे इतना तबाह कर देंगे कि भविष्य में आक्रमण करना भूल जाएंगे। प्रतिदिन कई मिसाइल और रॉकेट फिलिस्तीन में दागे जा रहे हैं। हमास भी इजराइल में लगातार आक्रमण कर रहा है। परंतु इजरायल तकनीकी एवं सैन्य सामग्री से अधिक संपन्न है। यही कारण रहा कि 1967 में (सिक्स डेज वार )एवं 2005 में लेबनान के विरुद्ध युद्ध में वह जीता। जब 1967 में इजरायल ने फिलिस्तीन की कई एकड़ जमीन पर कब्जा कर लिया। इस जमीन को छोडने को तैयार नहीं है और वहां स्थाई बस्तियां भी निर्मित कर दी थी। 1993 में इजरायल एवं शफिलिस्तीन मुक्त संगठनोंश के बीच ओस्लो शांति समझौता हुआ। इस समझौते में यह प्रावधान किया गया कि कब्जा किए गए सभी अवैध क्षेत्र वापस कर दिए जाएंगे। दोनों देश शांति के साथ रह सकेंगे। इसी बीच हमास (1987) संगठन ने इसका विरोध करते हुए इजरायल के विरुद्ध सर्वनाश की जंग छेड़ दी। दोनों के मध्य आपसी संघर्ष चलते रहे। इजराइल सीमा में बनी फिलिस्तीन बस्तियों पर सैन्य हमला करता रहता है तो हमास इजरायल में। विगत 5 दिनों से इस युद्ध में फिलिस्तीन और इजरायल में भयावह स्थिति बनी हुई है। फिलिस्तीन में लगभग 500 से अधिक लोगों की मृत्यु हो गई है और 500 से अधिक इजरायल के भी जिसमें कई बच्चे शामिल हैं।

यह स्थिति कब तक बनी रह सकती है, इसका स्पष्ट उल्लेख नहीं किया जा सकता। क्योंकि दोनों के मध्य विवाद की जड़ पुरानी है और तनाव की स्थिति अधिक है। इजरायल का मानना है कि 1967 के पहले के प्रावधान को नहीं मानेगा, क्योंकि वर्तमान स्थिति कुछ दूसरी है। उसका यह भी कहना है कि फिलिस्तीन से गए हुए शरणार्थी वापस फिलिस्तीन नहीं आएंगे और नाही भविष्य में वह अपनी सेना रख सकता है। यह मत पूर्णतया कट्टरवादी प्रतीत होता है। इस संबंध में भारत का मत बहुत ही स्पष्ट है। भारत का कहना है कि दोनों देशों के आपसी शांति और सुलह से यह विवाद का निपटारा हो सकेगा। यही कारण रहा कि 2017 में भारतीय प्रधानमंत्री ने जब इजरायल की यात्रा की तो वहीं 2018 में उन्होंने फिलिस्तीन की यात्रा भी की। फिलिस्तीन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सर्वोच्च सम्मान श्ग्राउंड कलर ऑफ द स्टेट आफ पलेस्टाइनश से सम्मानित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और महाशक्तियों को चाहिए कि इसमें निष्पक्ष रूप से न्यायोचित तरीका अपनाकर निर्णय निर्मित करें। सर्वप्रथम तो दोनों देशों के राष्ट्राअध्यक्षों को युद्ध स्थगित कर देना चाहिए। युद्ध स्थगित के लिए सभी देशों को दबाव डालना चाहिए , क्योंकि इससे निर्दोष लोगों की जानें जा रही हैं। इस समस्या के समाधान का भी व्यावहारिक तरीका ढूंढना चाहिए। कट्टरवाद , हठधर्मिता और गलत रणनीति अपनाकर निपटारा नहीं किया जा सकता। युद्ध जब किसी देश में होते हैं तो आसपास के नागरिक भी इससे प्रभावित होते हैं और वह एक देश से निकाल कर दूसरे देश की ओर जाते हैं। युद्ध और हिंसात्मक तरीका कभी भी सन्मार्ग पर नहीं ले जा सकता।

## सू- दोकू क्र.211

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

### नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.210 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

# हर सभा में भ्रष्टाचार का मुद्दा

हरिशंकर व्यास

वे हर सभा में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठा रहे हैं। उन्होंने मध्य प्रदेश में गुरुवार को सभा में नौजवानों से अपील करते हुए कहा कि वे 2013 और उससे पहले के अखबारों की सुर्खियां देखें तो लाखों करोड़ रुपए की लूट की खबरें दिखेंगी। यह कहते हुए वे झूठ नहीं बोल रहे थे। सचमुच 2013 और उससे पहले कई बरसों तक संचार घोटाला, कोयला घोटाला, कॉमनवेल्थ घोटाला, देवास-अंतरिक्ष घोटाला आदि की खबरें छपती रही थीं। उसी से भ्रष्टाचार का नैरेटिव बना, इंडिया अगेंस्ट करप्शन खड़ा हुआ, अन्ना हजारे मैदान में उतरे और कांग्रेस साफ हुई।

तभी प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने सुनिश्चित किया हुआ है कि चाहे जो हो जाए उनकी सरकार के बारे में घोटालों की खबर नहीं छपनी चाहिए। मीडिया पर नियंत्रण इसलिए किया गया ताकि खबरें न छपें। मोदी को पता है कि खबर झूठी हो या सही अगर लगातार छपती रही तो जनता के दिमाग में जगह बनाती है। उससे धारणा बनती है। सबको पता है कि संचार घोटाले का क्या हस्र हुआ? सारे आरोपी निचली अदालत से बरी हो गए। लेकिन उस घोटाले की खबरों ने कांग्रेस और डीएमके दोनों को सडक पर ला दिया था। बहरहाल, जिस तरह से संजय सिंह ने अदालत में कहा कि मोदी हार रहे हैं

इसलिए एजेंसियां कार्रवाई कर रही हैं उसी तरह की बातें अनेक यूट्यूबर कह रहे हैं कि मीडिया के लोगों पर छापे इसलिए पड़ रहे हैं क्योंकि मोदी हार रहे हैं। लेकिन यह अधूरी बात है।

मोदी हार रहे हैं इसलिए पत्रकारों के ऊपर दिल्ली पुलिस ने छापा नहीं मारा, बल्कि इसलिए छापा मारा ताकि मीडिया को मैसेज दिया जाए कि आठ महीने में चुनाव होने वाले हैं और सरकार को बदनाम करने वाली कोई खबर नहीं आनी चाहिए।

वैसे भी सरकार के खिलाफ कोई खबर मुख्यधारा की मीडिया में तो नहीं आती है। फिर भी ऐहतियात बरतते हुए एक मैसेज दिया गया। उसको हार-जीत के नजरिए से देखने की जरूरत नहीं है। प्रधानमंत्री को पता है कि मीडिया की ताकत क्या होती है। इसलिए पहले दिन से यह सुनिश्चित किया गया है कि मीडिया खिलाफ न जाए। इसके लिए हर तरह के उपाय किए गए हैं और समय के साथ मीडिया का एक बड़ा हिस्सा खुद ही उस नैरेटिव का हिस्सा बन गया, जो भाजपा चला रही है। राष्ट्रवाद, हिंदुत्व, मजबूत नेतृत्व, विकास आदि का नैरेटिव मीडिया के बड़े हिस्से ने स्वीकार कर लिया है। स


रकार के कहे बिना भी मीडिया विपक्ष को कठघरे में खड़ा करने लगा और उसका इतिहास खंगालने लगा क्योंकि आम लोगों की तरह उसके मन में भी यह बात बैठा दी गई कि विपक्ष की पार्टियां भ्रष्ट और परिवारवादी हैं।

सो, विपक्षी पार्टियों और सोशल मीडिया स्पेस में भाजपा और मोदी का विरोध करके लाखों दर्शक बनाने वालों को भ्रमजाल से बाहर निकलना होगा। केंद्र सरकार की एजेंसियां विपक्ष के या मीडिया के खिलाफ कार्रवाई इसलिए नहीं कर रही हैं कि भाजपा हार रही है। यह भाजपा के नए नेतृत्व का चुनाव लडने का तरीका है। विपक्ष के लिए जरा सी भी गुंजाइश नहीं छोडनी है। और न मीडिया को इस लायक रहने देना है कि वह विपक्ष की मदद कर सके। विपक्ष और मीडिया पर दबाव डालना चुनावी रणनीति का हिस्सा है।(आरएनएस)

# संस्कारों की हो रही खानापूर्तिःराणा

संवाददाता

देहरादून। श्री महाकाल सेवा समिति के अध्यक्ष रोशन लाल राणा ने बताया कि श्राद्ध पक्ष में सिर्फ संस्कारों की खानापूर्ति मात्र रह गयी है।



आज यहां झंडा बाजार निवासी श्री महाकाल सेवा समिति के अध्यक्ष रोशन राणा ने बताया कि श्राद्ध पक्ष में क्या यही हमारी आस्था रह गई है सिर्फ संस्कारों की खानापूर्ति क्या यह अपने धर्म के साथ खिलवाड़ नहीं एक पवित्र पर्व के नाम पर मात्र खाने की बर्बादी हो रही है।

दरबार साहिब झंडे जी के सामने इन दिनों मांगने वालों का तांता लग जाता है, और भोजन बांटने वालों की भी भरमार रहती है, लेकिन लोगों को यह दिखाइए नहीं देता है वहां पर भोजन पाने वाले व्यक्ति सिर्फ पैसे पाने के लिए ही बैठते हैं, अगर ऐसे व्यक्तियों को खाना ठोस ठोस कर भर दिया जाए तो उनके लिए कोई मायने नहीं रखता है। इसी के कारण खाना सड़कों पर बर्बाद हो रहा है, प्राय: देखा गया है कि लोगो के पास ना तो समय होता है और ना ही सही जानकारी और पर्व को मनाने मात्र ही खाना पूर्ति कर दी जाती है जिसका उदाहरण आज इस रूप में देखने को मिला है।

# मां-बाप की हत्या की झूठी सूचना देने वाला गिरफ्तार

देहरादून(संवाददाता)। मां- बाप की हत्या की झूठी सूचना देने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आज 112 आपातकालीन सेवा पर अरविंद नामक व्यक्ति द्वारा सूचना दी गई कि थाना राजपुर क्षेत्र अंतर्गत काठ बंगला बस्ती में उसके माता-पिता की हत्या कर दी गई है। सूचना की गंभीरता एवं संवेदनशीलता के दृष्टिगत तत्काल थाना राजपुर से पुलिस मौके पर पहुंची तो ज्ञात हुआ कि ऐसी कोई घटना घटित नहीं हुई है, मात्र आपसी रंजिश व कहा सुनी के चलते उक्त व्यक्ति द्वारा हत्या की झूठी सूचना दी गई थी। पुलिस को झूठी सूचना देकर गुमराह करने के आरोप में सूचना देने वाले व्यक्ति को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पूछताछ में उसने अपना नाम अरविंद कुमार पुत्र सुरेश साहनी बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मंदिर से चोरी की गई सोने की नथ के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। मन्दिर से चोरी की गयी सोने की नथ के साथ पुलिस ने एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।




प्राप्त जानकारी के अनुसार 03. अक्टूबर को निवासी सीधेश्वर एन्क्लेव नेहरू कॉलोनी देहरादून द्वारा थाना नेहरुकोलोनी पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा सिद्धेश्वर महादेव मंदिर से ज्वेलरी चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध मे एक प्रार्थना पत्र दिया गया। सूचना पर तत्काल थाना नेहरू कॉलोनी पर मुकदमा दर्ज कर चोर एवं ज्वेलरी की बरामदगी हेतु थाना नेहरू कॉलोनी पर टीम गठित की गई, जिनके द्वारा कड़ी मेहनत करते हुए घटना में शामिल दीपक कुमार गुंदे को दौड़वाला से चोरी की गई सोने की नथ के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसको न्यायालय में पेश न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# ऑपरेशन स्माइलः एक वर्ष से गुमशुदा महिला को राजस्थान से सकुशल बरामद कर किया

पिथौरागढ़। पुलिस ने एक साल से गुमशुदा महिला को राजस्थान से सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 27 जून 2022 को बांस पिथौरागढ़ निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली पिथौरागढ़ में अपनी पत्नी की गुमशुदी रिपोर्ट दर्ज करायी थी।

पुलिस अधीक्षक पिथौरागढ़, लोकेश्वर सिंह के निर्देशन में ऑपरेशन स्माईल टीम के नोडल अधिकारी, क्षेत्राधिकारी पिथौरागढ़, नरेन्द्र पंत के पर्यवेक्षण में ऑपरेशन स्माईल अभियान के तहत ए.एच.टी.यू. टीम पिथौरागढ़ द्वारा कड़ी मेहनत करते हुए सुरागरसी पतारसी कर, सर्विलांस/ साईबर सैल की मदद से उक्त महिला को राजस्थान से बरामद कर सकुशल उसके पति के सुपुर्द किया गया । उक्त महिला का पति महाराष्ट्र में जॉब करता है जिसके द्वारा एक वीडियो के माध्यम से अत्यधिक खुशी जाहिर करते हुए पिथौरागढ़ पुलिस का आभार व्यक्त किया।

# कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सुनीं फरियादियों की समस्यायें, अधिकारियों को दिये निर्देश

देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को हाथीबड़कला स्थित अपने कैंप कार्यालय में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों की समस्या को सुना। कैबिनेट मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को फरियादियों की समस्याओं का तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिये हैं।

आज कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी के हाथी बड़कला स्थित कैंप कार्यालय में आये लोगों ने मंत्री के समक्ष अपनी समस्यायें रखते हुए उनका शीघ्र निस्तारण की मांग की।



इस दौरान विभिन्न जगहों से पहुंचे फरियादियों ने मंत्री गणेश जोशी जब अपनी समस्यायें बताई तो कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही कई फरियादियों की समस्या का निस्तारण किया। इसके साथ ही कई लोगों की समस्याओं के निस्तारण के लिए टेलीफोन के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।

# शराब पिलाने पर चार रेस्टोरेंट संचालक गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने अवैध रूप से शराब पीलाने पर चार रेस्टोरेंट संचालकों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर थाना पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ रेस्टोरेंट संचालक अपने यहां अवैध रूप से शराब पीला रहे है।

जिसके बाद पुलिस की टीम गठित कर पुलिस ने चैकिंग अभियान चलाया। चैकिंग के दौरान पुलिस ने रविन्द्र रेस्टोरेंट रायपुर बाजार, ब्रदर्स होटल, मम्मीज किचन, नेगी चिकन प्वाइंट में लोगों को शराब पीते हुए देखा तो चारों रेस्टोरेंट के संचालकों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# धौरणपुल के पास बाईक पेड़ से टकरायी युवक की दर्दनाक मौत

देहरादून(संवाददाता)। बाईक के पेड से टकराने से बाईक सवार युवक की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार गत देर रात्रि समय करीब डेढ बजे थाना राजपुर को सूचना प्राप्त हुई की एक बाइक धौरणपुल के पास पेड से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी है, जिसमे मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया हैं, इस सूचना पर राजपुर पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची तथा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त घायल व्यक्ति को 108 एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल भिजवाया गया, जहां उपचार के दौरान उक्त व्यक्ति की मृत्यु हो गयी है। मृतक के संबंध में जानकारी करने में ज्ञात हुआ कि मृतक ऋषभ ठाकुर पुत्र राजेन्द्र ठाकुर निवासी ग्राम नहान, हिमाचल प्रदेश, हाल पता- शिव गंगा कॉलोनी, राजपुर, आईटी पार्क में एक आई.टी. कंपनी में इंजीनियर था तथा राजपुर क्षेत्र में शिव गंगा कॉलोनी में पिछले दो- ढाई वर्षो से रह रहा था। रात्रि में मृतक अपनी शिफ्ट खत्म कर अपने घर की ओर जा रहा था। पुलिस द्वारा मृतक के परिजनो को सूचित किया गया है, शव को अग्रिम कार्यवाही हेतु मोर्चरी में रखवाया गया है।

# निर्माण कार्यों को तेजी से करें पूराःडीएम

संवाददाता

देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने निर्देश दिए की निर्माण कार्यों को तेज गति से पूर्ण करते हुए नाली निर्माण एवं सड़क चौड़ीकरण किया जाए।



जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने शहर में संचालित हो निर्माण कार्यों का स्थलीय किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने इन्वेस्टर समित के चलते शहर में हो रहे निर्माण एवं सौंदर्यकरण कार्यों को समयबद्ध करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने घंटाघर, किशन नगर चौक, दून स्कूल चौक, बिंदाल पुल, नटराज, गांधी रोड, प्रिंस चौक, हरिद्वार रोड, आराघर, ईसी रोड, सर्वे चौक, बहल चौक का निरीक्षण करते हुए स्मार्ट सिटी परियोजना लिमिटेड के कार्यों का भी जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए की निर्माण कार्यों को तेज गति से पूर्ण करते हुए नाली निर्माण एवं सड़क चौड़ीकरण किया जाए। साथ ही निर्देशित किया कि अतिक्रमण को चिन्हित करते हुए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करें। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सड़क निर्माण, फुटपाथ निर्माण, विद्युत लाइन अंडरग्राउंड करने, झूलती तार ठीक करने, विद्युत पोल शिफ्टिंग कार्यों को समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए।विद्युत विभाग को एक सप्ताह के भीतर सीएसएस के लिए भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़कों पर बॉटल नेक न बनने दें, लोनिवि, नगर निगम सड़क किनारे अपनी भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करें।उन्होंने लोनिवि एवं कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त निरीक्षण करते हुए सड़कों पर अतिक्रमण चिह्नित कर हटाने की कार्वाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जौलीग्रांट एयरपोर्ट से जोगीवाला - रिस्पना, रिस्पना से प्रिंस चौक, प्रिंस चौक से घंटाघर, दिलाराम चौक, निरंजनपुर से सहारनपुर चौक प्रिंस चौक, निरंजनपुर- बल्लूपुर -एफआरआई , कैंट रोड आदि स्थानों पर किए जाने वाले कार्यों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश

## एक नजर



**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद ने शिष्टाचार भेंट की।**

## आयोग से नोटिस जारी होते ही प्रौद्योगिकी संस्थान आया हरकत में: मोर्चा

विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण शर्मा ने कहा कि महिला प्रौद्योगिकी संस्थान के अधिकारियों के द्वारा अपीलीय कार्रवाई पर ध्यान ने देने पर आयोग के नोटिस के बाद तत्काल अपील पर कार्रवाही की।

आज यहां जन संघर्ष मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण शर्मा पिन्नी ने कहा कि महिला प्रौद्योगिकी संस्थान के अधिकारियों द्वारा भारी भरकम वेतन लेने के बावजूद अपीलीय कार्रवाई का ज्ञान न होना निश्चित तौर पर बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। मोर्चा द्वारा संस्थान से उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के क्रम में संस्थान में कर्मचारियों/ अधिकारियों की नियुक्तियों को लेकर हुई कार्रवाई से संबंधित सूचना चाही थी, जिस पर विभाग द्वारा गैर जिम्मेदाराना सूचना उपलब्ध कराई गई, जिससे असंतुष्ट होकर मोर्चा द्वारा अपील आयोजित की गई, लेकिन निदेशक द्वारा अपील पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## धामी ने वीडियो जारी कर पीएम और सीएम धामी की तारीफ की

देहरादून(हमारे संवाददाता)। कांग्रेस के बड़े नेता यशपाल आर्य व करण माहरा भले ही पीएम मोदी के कुमाऊं दौरे को असफल करार दे रहे हों। लेकिन उनकी ही पार्टी व सीमान्त धारचूला से कांग्रेसी विधायक हरीश धामी ने पीएम मोदी व सीएम धामी की शान में कसीदे पढ़ दिए है।



धारचूला से कांग्रेस विधायक हरीश धामी ने पीएम मोदी के सीमान्त इलाके के दौरे के लिए हाथ जोड़ कर आभार जताया है। कहा कि आदि कैलाश, पार्वती कुंड व जागेश्वर धाम आने से क्षेत्र का विकास होगा। सोशल मीडिया में एक वीडियों जारी कर हरीश धामी ने कहा कि पीएम मोदी के सीमान्त इलाके में आने से धारचूला ही नहीं वरन प्रदेश के पर्यटन को गति मिलेगी। यही नहीं, सीमान्त इलाके के रुके विकास कार्यों को भी गति मिलेगी। वहीं यशपाल आर्य व माहरा के पीएम मोदी के दौरे को हवा हवाई बताने के बाद कांग्रेस विधायक हरीश धामी के वीडियो ने पार्टी के लिए नई मुसीबत खड़ी कर दी है। फिलहाल, कांग्रेस विधायक के मोदी की तारीफ से जुड़े ताजे वीडियो ने प्रदेश की राजनीति को नये सिरे से गर्मा दिया है।

## भाजपा की नीतियों व कामों से जनता में भारी आक्रोश: मनीष

देहरादून(विशेष संवाददाता)। प्रदेश की जनता में राज्य की भाजपा सरकार के काम और नीतियों को लेकर भारी आक्रोश है। राज्य की बदहाल सड़कें और चिकित्सा व्यवस्था तथा कानून व्यवस्था की खराब स्थिति को लेकर जनता में भारी नाराजगी है और वह केंद्र तथा राज्य में बड़ा बदलाव चाहती है।




यह बात आज कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस नेता मनीष खंडूरी ने कही। पीसीसी द्वारा प्रदत्त कार्यक्रम के तहत अपने पांच दिवसीय गढ़वाल मंडल के दौरे से लौटे मनीष खंडूरी ने कहा कि उन्होंने चमोली, पौड़ी, कोटद्वार, श्रीनगर, टिहरी आदि तमाम स्थानों पर आम लोगों के बीच जाकर उनसे उनके मन की बात जानने की कोशिश की। मनीष खंडूरी का कहना है कि लोग सरकार की नीतियों और कामों से संतुष्ट नहीं है। राज्य में इस समय सबसे खराब स्थिति सड़कों की है। जिन्हे लेकर लोगों में भारी आक्रोश है और उन्हें आवागमन में भारी दिक्कतें हो रही है। कोटद्वार में टूटे पुल की मरम्मत न होने से लोग परेशान है चमोली में इलाज के अभाव में लोगों की मौत हो रही है। तीर्थ पुरोहित अपने भवनों के मालिकाना हक को लेकर आंदोलित है लेकिन उनकी बात तक सुनने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा की पौड़ी में लोग डेंगू से परेशान हैं तथा उन्हें उचित इलाज नहीं मिल पा रहा है। आपदा प्रभावित मारे मारे फिर रहे हैं और उन्हें सरकार से कोई मदद नहीं मिल पा रही है वहीं अंकिता भंडारी के परिवार को न्याय न मिलने का मुद्दा भी हमारे सामने है।

# भारत टेलीकॉम टेक्नोलॉजी में ग्लोबल स्टेंडर्ड तय कर रहा है:धामी

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 5जी के साथ भारत पहली बार टेलीकॉम टेक्नोलॉजी में ग्लोबल स्टेंडर्ड तय कर रहा है।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को दून बिजनेस पार्क, ट्रांसपोर्ट नगर, देहरादून में हेक्सावेयर टेक्नोलॉजी के स्थानीय कार्यालय का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि जिस उद्देश्य को लेकर इस कार्यालय का शुभारंभ किया गया है, उस उद्देश्य में हेक्सावेयर टेक्नोलॉजी अवश्य सफल होगी। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में देश तेजी से प्रगति कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नया भारत, टेक्नोलॉजी का न सिर्फ कंज्यूमर है, बल्कि टेक्नोलॉजी के विकास में और उसके क्रियान्वयन में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। 2जी, 3जी, 4जी के समय भारत टेक्नोलॉजी के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहा, लेकिन 5जी के साथ ही भारत ने नया इतिहास रच दिया है। डिजिटल भारत देश के विकास के विस्तृत विजन का एक महत्वपूर्ण अंग है। इस विजन का लक्ष्य है उस टेक्नोलॉजी को आम लोगों तक पहुंचाना जो लोगों के लिए काम करे, लोगों के साथ जुड़कर काम करे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने डिजिटलाईजेशन के क्षेत्र में तेजी से प्रगति की है। कुछ वर्षों में यूपीआई तेजी से हमारी अर्थव्यवस्था और आदतों का हिस्सा बन गया है। यह डिजिटल भारत की नींव है, यह अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक डिजिटल सेवाएं पहुंचाने का माध्यम है।

इस अवसर पर विधायक विनोद चमोली, सचिव शैलेश बगोली, निदेशक आईटीडीए निकिता खंडेलवाल, हेक्सावेयर टेक्नोलॉजी के एजीक्यूटिव वाईस प्रेजिडेंट हेमंत विज, सतेन्दयु मोहंती, नीता नम्बिआर उपस्थित थे।

## आदर्श रामलीला मंचन 15 अक्टूबर से होगा

देहरादून(सं)। आदर्श रामलीला का मंचन 15 अक्टूबर से चुक्खुवाला स्थित गुरू नानक इंटर कालेज में 10 मंचो पर की जायेगी।

आज यहां गुरू नानक इंटर कालेज में पत्रकारों से वार्ता करते हुए रामलीला कमेटी के प्रधान राजेन्द्र सभरवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि रामलीला का मंचन 10 मंचों से किया जायेगा। उन्होंने बताया कि रामलीला का उद्घाटन पूर्व मंत्री हीरा सिंह बिष्ट के द्वारा किया जायेगा। प्रथम दिन श्रवण लीला, रावण अत्याचार की लीला का मंचन किया जायेगा। दूसरे दिन राम जन्म, सीता जन्म व सीता स्वयवर का मंचन किया जायेगा। तीसरे दिन राम वनवास, केवट संवाद व राम भरत मिलाप का मंचन किया जायेगा इसके साथ ही 22 अक्टूबर को रामलीला के आखिरी दिन राजतिलक व पुरूस्कार वितरण किया जायेगा। अर्जुन सोनकर, प्रियांशु शर्मा, राजेन्द्र प्रसाद ममंगाई आदि लोग मौजूद थे।

## उत्तराखंड की रामलीला मंचन में पहली बार होगा लेजर शो:थापर

देहरादून। श्री रामकृष्ण लीला समिति टिहरी 1952, देहरादून द्वारा गढ़वाल की ऐतिहासिक राजधानी पुरानी टिहरी की 1952 से होने वाली प्राचीन रामलीला को टिहरी के जलमग्न होने के बाद देहरादून में पुर्नजीवित करने का संकल्प लिया है और इसके लिए देहरादून के टिहरी-नगर के आजाद मैदान, अजबपुर कलां, दून यूनिवर्सिटी रोड में 11 दिन की भव्य रामलीला का आयोजन शारदीय नवरात्रों में 15 से 25 अक्टूबर तक किया जाएगा।

श्री रामकृष्ण लीला समिति टिहरी 1952, देहरादून के अध्यक्ष अभिनव थापर ने कहा की टिहरी गढ़वाल की ऐतेहासिक रामलीला 1952 से पुरानी टिहरी के 'आजाद मैदान' में 2002 तक टिहरी के डूबने तक होती रही और टिहरी के जलमग्र होने के बाद अब टिहरी विस्थापितों ने देहरादून में इसको 21 वर्षो बाद पुनर्जीवित करने का निर्णय किया है। इस बार रामलीला में विशेष आकर्षण के रूप में उत्तराखंड के इतिहास में पहली बार लेजर शो का प्रसारण किया जाएगा। कई विश्व प्रसिद्ध स्थलों में लेजर शो मुख्य आकर्षण केंद्रों से एक रहता है। लेजर शो से सुशोभित ऐसी भव्य रामलीला का उत्तराखंड में पहली बार मंचन होगा।

उल्लेखनीय है की अजबपुर, देहरादून स्थित टिहरी नगर में रामलीला आने वाले शारदीय नवरात्रों में 15 अक्टूबर से भव्य रूप से आयोजित करी जाएगी। इस रामलीला में चौपाई, कथा, संवाद,मंचन आदि सब पुरानी टिहरी की 1952 से चली आ रही प्रसिद्ध व प्राचीन रामलीला के जैसा ही होगा, जिससे गढ़वाल के लोगों का अपनत्व देहरादून में भी जुड़ा रहे।

समिति के बैठक में सचिव अमित पंत, गिरीश चंद्र पांडेय, नरेश कुमार, गिरीश पैनुली, बचेंद्र कुमार पांडे, मनोज कुमार जोशी, मुनेंद्र दत्त सेमवाल, आदि ने भाग लिया।

## नाबालिक छात्राओं से दुष्कर्म के आरोप में संस्था संचालक गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

नैनीताल। गौलापार स्थित मूक बधिर एवं दृष्टिबाधित बच्चों की आवासीय संस्था (नेब) के संचालक पर दिव्यांग नाबालिक छात्राओं द्वारा यौन शोषण के आरोप लगाने पर पुलिस ने जांच के बाद संस्था संचालक को गिरफ्तार कर लिया है।

काठगोदाम थाना प्रभारी प्रमोद पाठक के अनुसार गौलापार स्थित मूक बधिर एवं दृष्टिबाधित बच्चों की आवासीय संस्था (नेब) की एक 13 वर्षीय नाबालिक छात्रा ने एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा को शिकायत पत्र देते हुए संचालक पर अश्लील हरकत और यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। मामले में काठगोदाम पुलिस द्वारा जांच के बाद मजिस्ट्रेट के सामने उक्त छात्रा एवं अन्य नाबालिग छात्राओं के बयान पर संचालक पर कई गंभीर आरोप लगे। जिसके बाद ही संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। 13 वर्षीय पीड़िता का मेडिकल कराकर कोर्ट में धारा 164 के बयान भी दर्ज कराए हैं। गौरतलब है कि गौलापार स्थित इस आवासीय संस्था की दिव्यांग छात्रा ने संस्था संचालक (62 वर्षीय) निवासी हल्द्वानी पर जुलाई माह में यौन शोषण करने का आरोप लगाया था। पत्र में पीड़िता ने अन्य पीड़ित छात्राओं के नाम भी खोले थे। जांच में पुलिस ने संबंधित छात्राओं से पूछताछ की तो पीड़िता ने आरोपी संचालक द्वारा यौन शोषण करने की बात पुलिस को बताई। जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

आर.एन.आई.- 59626/94
जय श्री राम!
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**
*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**
*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**
**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, *एडवोकेट***
**बैजनाथ, *एडवोकेट***
**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**
*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*